हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 2 दिसम्बर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 11:35 बजे तक स्कूल का गेट बंद




आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 2 दिसंबर को समय-सीमा की बैठक पश्चात संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत अद्यतन प्रगति की समीक्षा एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।

### अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था हेतु कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**अम्बिकापुर।** नगर पालिक निगम क्षेत्रान्तर्गत निःसहाय आवासहीन, गरीब वृद्ध एवं राहगीर इत्यादि को ठंड से प्रभावित होने की संभावना है। ठंड शीतलहर से प्रभावित होने वाले जन सामान्य के बचाव हेतु चिन्हांकित स्थलों पर अलाव जलाने की समुचित व्यवस्था हेतु नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के आयुक्त ने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। जिसमें सुपरवाईजर सदानंद चौबे, वाहन चालक कृष्णा राम, बाबूलाल, नार सिंह, ओमप्रकाश, शिवमंगल राम, बजरंग श्रीवास, जगदम्बा, दिनु राम को नगर पालिक निगम के उप अभियंता रत्नेश कंवर के नेतृत्व में कार्य करने हेतु आदेशित किया है।

### पीडीएस दुकान का ताला तोड़ चोर ले उड़े 14 बोरी शक्कर एवं 49 बोरी चावल

**लखनपुर।** ग्राम पंचायत लहपटरा स्थित पीडीएस दुकान का ताला तोड़ चोरों ने दुकान से 14 बोरी शक्कर एवं 49 बोरी चावल पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पीडीएस दुकान संचालक अजय राम चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम पंचायत लहपटरा पीडीएस में बीती रात चोरों द्वारा शक्कर और चावल चोरी करके ले गए। घटना की जानकारी आज दोपहर को लगी जब महिलाओं द्वारा सूचना दिया गया कि पीडीएस दुकान की सभी ताला तोड़ा गया है और दरवाजा खुला है। पीडीएस दुकान में ग्राम के सरपंच, पंच और ग्रामीण के साथ गया तो देखा शक्कर की सभी बोरी और चावल की बोरी गायब हैं। संचालक अजय राम चौधरी के मुताबिक चोरों ने 14 बोरी शक्कर और 49 बोरी चावल की चोरी कर ले गए है।

### सप्लाईकर्ता कंपनी लॉक कर हुई गायब

# अस्पतालों में धूल फांक रही 58 सीबीसी मशीनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों की जांच के लिए खरीदी गई सीबीसी मशीनों को चालु करने की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हो सकी है। करोड़ो रुपए खर्च कर खरीदी गई 58 मशीनें आज भी स्वास्थ्य केन्द्रों में धूल फांक रही है। बड़ी बात यह है कि इन मशीनों को सप्लाईकर्ता कंपनी ने ही लॉक कर दिया है। मशीनें लॉक होने से लोगों को अस्पताल में जांच सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और मरीजों को मजबूरन निजी क्लिनिक में जाकर अपनी जांच करानी पड़ रही है। हैरानी की बात तो यह है कि वस्तुस्थिति से अवगत होने के बाद भी शासन प्रशासन की ओर से अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा सकी है।

**खास बात**
- मरीजों को नहीं मिल रही जांच की सुविधा

दरअसल स्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा निजी कंपनी से अनुबंध कर सीबीसी मशीनों की सप्लाई कराई गई थी। इन आधुनिक मशीनों के माध्यम से कुछ ही देर में मरीज के रक्त जांच की रिपोर्ट उसके हाथ में मिल जाती थी बाद में अचानक ही जिले की अनेको मशीनें बंद हो गई। इसे लेकर अब जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक प्रदेश भर में सीबीसी मशीन सप्लाई करने वाली कंपनी और शासन के बीच री-एजेंट सप्लाई को लेकर विवाद चल रहा है और इस विवाद के कारण ही कंपनी के लोगों ने लौटते समय ज्यादातर मशीनों में अपना पासवर्ड डालकर लॉक कर दिया है। मशीनों के लॉक होने के बाद इन मशीनों में जांच पूर्ण रूप से बन्द हो गई है। मशीनों में जांच बन्द होने से लोगों अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मरीज मजबूरन निजी क्लिनिक में पैसे देकर अपने ब्लड टेस्ट करा रहे है।


सीबीसी मशीनें।

#### काम कर रही सिर्फ 53 मशीनें

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिले में कुल 111 सीबीसी मशीनें सप्लाई की गई है। इनमें से वर्तमान में सिर्फ 53 मशीनें ही काम कर रही है जबकि 58 मशीनें बन्द है। सरगुज जिले की बात की जाए तो यहां कुल 34 मशीनें दी गई थी जिनमें से 17 मशीनें चालू है और 17 लॉक हो गई है। सूरजपुर जिले में 47 सीबीसी मशीनें दी गई थी जिनमें से 28 मशीनें चल रही है जबकि 19 मशीनें लॉक है। इसी तरह बलरामपुर जिले में 30 सीबीसी मशीनें सप्लाई हुई और इनमें से सिर्फ 8 मशीनें ही अभी काम कर रही है जबकि 22 मशीनें बन्द पड़ी हुई है।

#### अब तक नहीं हुई पहल

सीबीसी मशीनों के बंद होने की जानकारी स्वास्थ्य विभाग में जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के अधिकारियों को है। मशीनें अस्पतालों में धूल फांक रही है। अधिकारी भी यह मान रहे है कि मशीनों के बंद होने से लोगों को परेशानी हो रही है और लेकिन अब तक मशीनों को लेकर कोई पहल नहीं हुई। पूर्व में मशीनों के लॉक को खोलने की बात कही जा रही थी फिर बाद में नया टेंडर करने की बात सामने आई लेकिन फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

#### कराया गया है अवगत

शासन को इस विषय में अवगत कराया गया है। मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के हर संभव प्रयास किए जा रहे है। जनता के हित में शासन इसपर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेगी।

-डॉ. अनिल शुक्ला
संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं



# बच्चे से मारपीट करने वाला प्रधान पाठक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

गिनती नहीं सुनाने पर कक्षा 2री के छात्र से बेरहमी से मारपीट करने वाले शिक्षक को अब पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिक्षक को पूर्व में ही स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निलंबित कर दिया गया था जबकि अब जांच के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की है। बता दें कि त्रिकुंड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पलगी छितौलीपारा निवासी 32 वर्षीय धनंजय यादव का 7 वर्षीय पुत्र भागीरती यादव शासकीय प्राथमिक शाला जवाखाड़ी में कक्षा 2री का छात्र है। 28 नवम्बर को छात्र प्रतिदिन की तरह स्कूल गया था और जब शाम को छात्र घर लौटा तो उसके दोनों गाल सूजे हुए थे और आंख में खून उतर आया था। बच्चा काफी डरा हुआ था। ऐसे में जब परिजन ने बच्चे से पूछताछ की तो उसने बताया कि टिफिन बाद स्कूल का प्रधान पाठक उदय यादव शराब के नशे में धुत होकर स्कूल में पढाने आया था और जब बच्चे को गिनती सुनाने को बोला। जब बच्चा गिनती सही तरीके से नहीं बता पाया तो शिक्षक उदय यादव ने बच्चे के साथ गाली गलौज करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। इस मामले में परिजन ने त्रिकुंड़ा थाने में मामले की शिकायत की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में आरोपी प्रधान पाठक उदय कुमार यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मामले में ⏭ शेष पेज 4 पर

- गिनती नहीं सुनाने पर की थी मासूम की पिटाई

# झारखंड से सामरी क्षेत्र में खपाने आ रहे धान लोड दो वाहन जब्त


कार्रवाई करते संयुक्त टीम के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

एसडीएम करुण डहरिया के मार्गदर्शन में अवैध रूप से झारखंड राज्य से छत्तीसगढ़ राज्य में धान बिक्री करने वाले बिचौलियों पर लगातार सख़्त कार्रवाई की जा रही है। बीती रात दो वाहनों से अवैध धान लेकर आ रहे लोगों को प्रशासनिक टीम ने पकड़ा।

झारखंड के ओरसा पाठ निवासी पीताम्बर यादव आ. देवप्रसाद यादव एवं रामेश्वर यादव आ. राधेश्याम यादव 2 वाहन के माध्यम से अवैध रूप से धान को छत्तीसगढ़ राज्य सीमा क्षेत्र सामरी में अवैध धान का परिवहन करते हुए पकड़े गए। रामेश्वर यादव के विरुद्ध झारखंड राज्य से अवैध रूप से छत्तीसगढ़ राज्य में धान खपाने की शिकायत लगातार मिल रही थी। किन्तु पकड़ में नहीं आ पा रहा था। एसडीएम करुण डहरिया एवं थाना प्रभारी सामरी ने योजना बनाकर एक व्यक्ति को धान लाने के लिए ओरसा पाठ भेजा गया। जैसे ही रामेश्वर यादव अपने साथी के साथ दो वाहनों में धान लेकर छत्तीसगढ़ राज्य सीमा में प्रवेश किया कि तहसीलदार सामरी पारस शर्मा एवं थाना प्रभारी सामरी विजय प्रताप सिंह द्वारा दोनों वाहन को जब्त कर पूछ ताछ करने के साथ दस्तावेज की मांग की लेकिन मौके पर किसी भी प्रकार का दस्तावेज नहीं दिखाया गया। थाना सामरी में वाहन सहित अवैध धान को जब्त किया। धान को पकड़े जाने के दौरान दोनों ने अधिकारियों से विवाद करना शुरू कर दिया। थाना प्रभारी ने आज दोनों को न्यायालय एसडीएम के समक्ष पेश किया। जहां से एसडीएम ने दोनों व्यक्तियों को जेल निरुद्ध किए जाने का आदेश दिया। दोनों के विरुद्ध अपराध दर्ज करने के लिए मंडी निरीक्षक द्वारा भी आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

### जिले में अब तक 46 प्रकरणों 4430 क्विंटल धान और 21 वाहन जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशन में जिले में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने सभी अंतरराज्यीय सीमाओं एवं चेक पोस्टों पर चौकसी को और मजबूत करते हुए 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके तहत संदिग्ध वाहनों, परिवहन गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पारदर्शी एवं निष्पक्ष धान खरीदी नीति के तहत अब तक जिले में कुल 46 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिनमें 4430 क्विंटल अवैध धान एवं 21 वाहनों को जब्त किया गया है।

# अवैध रेत उत्खनन व परिवहन करते पाए जाने पर 5 ट्रैक्टर जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बसंतपुर के अंतर्गत लेदो नदी में 3 ट्रैक्टर एवं कैलाशपुर 2 ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत का उत्खनन व परिवहन किया जा रहा था, जिसे तहसीलदार एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांच किया गया। जांच में सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराने पर तीन ट्रैक्टर को जब्त कर पुलिस थाना बसंतपुर तथा 2 ट्रैक्टर को वाड्रफनगर चौकी को सुपुर्द किया गया है।



हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 297. खुशी नायक पिता\पति संदीप नायक पता - रावन भाटा रायपुर, 298. भारत लाल चतुर्वेदी पिता\पति स्व. ताराचंद चतुर्वेदी पता- रावतपुरा कॉलोनी फेज 01 मठपुरेना रायपुर, 299. भावना वर्मा पिता\पति खोमन वर्मा पता- जागृति नगर बीरगांव, 300. प्रियंका ठाकरे पिता\पति सचिन ठाकरे पता- संजय नगर रायपुर, 301. श्रीकांत वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता- डिरापारा रायपुर, 302. इन्द्राणी रमेश शर्मा पिता\पति ब्यास नारायण मिश्रा पता - ब्राम्हण पारा रायपुर, 303. भाविका साहू पिता\पति गौतम साहू पता - वेदाता सिटी कांदुल रोड, 304. लक्ष्मीकान्त यादव पिता\पति जे.एल. यादव पता - मठपारा रायपुर, 305. संतोषी यादव पिता\पति सतीश यादव पता- पुरानी बस्ती रायपुर, 306. प्रेमचंद साहू पिता\पति टेटकू राम साहू पता – पिपरौद, 307. खुमेश साहु पिता\पति प्रेम लाल साहु पता- तर्रा पोस्ट -सुरसाबाँधा, 308. चुन्नी निर्मलकर पिता\पति पुनीतराम निर्मलकर पता-सेमरा भखारा, 309. तोवा राम साहू पिता\पति स्व. पंचराम साहू पता- नगरी, 310.कुनाल साहू पिता\पति डोमेन्द्र साहू पता- सांकरा , नगरी, 311. अमन कन्नौजे पिता\पति एस.आर. कन्नौजे पता- वार्ड न. 43 बसंतपुर राजनादगांव, 312. रेणुका श्रीवास्तव पिता\पति एस .एल श्रीवास्तव पता- रेवाडीह वार्ड न. 21, 313. प्रज्वल पाटिल पिता\पति जसवंत पाटिल पता- वार्ड न.-16, बैलापसरा राजनादगांव, 314. यशवंत कुमार सप्रे पिता\पति ईतवारी राम सप्रे पता- बेमेतरा, 315. टीकाराम सेन पिता\पति सुकदेव राम सेन पता- बरदेभाठा चौक कांकेर, 316. दुलेश्वरी पिता\पति मुकेश कुमार पता- डौंडी नगर भंडारी पारा वार्ड न. 08, 317. सुमन ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 318. खोमराज पटेल पिता\पति भवर लाल पटेल पता- नर्रा, 319. महेश आमदे पिता\पति भुलऊराम आमदे पता- कवर्धा, 320. तेजनाथ साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- कमल कॉलोनी बलौदाबाजार, 321. सुयश आचार्य पिता\पति प्रशांत आचार्य पता- अस्पताल वार्ड कोंडागांव, 322. पंकज कुमार साहू पिता\पति छत्रपाल साहू पता-पोटियाकला दुर्ग, 323. बलदाऊ लाल साहू पिता\पति स्व. राम्लू लाल साहू पता- आदर्श स्ट्रीट रामनगर भिलाई, 324. डिम्पल चौधरी पिता\पति नन्द जंघेल पता-दुर्गा पारा मुकम खदान सुपेला, 325. जानवी टंडन पिता\पति M.L.टंडन पता-वेदांत नगर फेज-2 उमरपोटी, 326. अथर्व विकास बेहेरे पिता\पति विकास विनायक बेहेरे पता- सुभाष नगर, 327. ईशा राजपूत पिता\पति अशोक राजपूत पता-सुभाष नगर वार्ड 42 दुर्ग, 328. पंकज कुमार पटेल पिता\पति स्व. नन्द कुमार पटेल पता- पटेल पारा वार्ड क्र.57 उरला दुर्ग, 329. स्वीकृति चौहान पिता\पति बिरेन्द्र चौहान पता- साहू पारा रामनगर भिलाई, 330. गजरा सोनी पिता\पति ननकू प्रसाद सोनी पता-दुर्ग, 331. रितिका साहू पिता\पति ताम्रध्वज साहू पता- कोहिका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 332. अफरोज बानो, पिता/पति- मुनव्वर खान पता- आदर्श चौक मंगला, बिलासपुर 333. राजकुमारी साहू पिता/पति- बाबू लाल साहू पता- बहतराई, बिलासपुर, 334. सुलोचना कुर्रे पिता/पति- राजाराम कुर्रे पता- बंधवा पारा सरकंडा, बिलासपुर, 335. कुसय हुसैन पिता/पति-मुश्ताक हुसैन पता- खपरगंज बिलासपुर, 336. आरती शर्मा पिता/पति- स्व.एम.एल.शर्मा पता- गुरूनानक चौक, बिलासपुर, 337. मनोज नाथानी पिता/पति- माधसव दास नाथानी पता- रामा वैली आर-8-11, बिलासपुर, 338. साक्षी साहू पिता/पति-चंद्रशेखर साहू पता- तोरवा बिलासपुर, 339. प्रियंका शर्मा पिता/पति- श्री पवन शर्मा पता- ईदगाह रोड, बिलासपुर, 340. राकेश सिंह राजपूत पिता/पति- विजय सिंह राजपूत, पता- सांई नगर, उस्लापुर बिलासपुर 341. मालती साहू पिता/पति-देवलाल साहू पता- बाजार चौक, यदुनंदन नगर, तिफरा बिलासपुर, 342. सतीश कुमार साहू पिता/पति- बुधराम साहू पता- तिफरा बिलासपुर, 343. अर्थव यादव पिता/पति-सुदर्शन यादव पता- कस्तूरबा नगर, बिलासपुर, 344. माही यादव पिता /पति - सूरज यादव, पता- पड़ावपारा कोटा, 345. सुशील कुमार पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 346.सुमन सूर्यवंशी पिता /पति - धनना लाल पता - जरौधा जिला बिलासपुर, 347. जानवी कौशिक पिता /पति - सनत कौशिक, पता - खमरिया काठाकोनी, 348. साधना भगत पिता /पति - गोपाल राम भगत , पता – रतनपुर, 349. नरेश गोयल पिता /पति - नैवत राम गोयल, पता -पेण्ड्रा रोड , 350. किरण पांडे पिता /पति - रवि शंकर पांडे पता - पुरानी बस्ती मस्तूरी, 351. हर्षिता कौशिक पिता /पति - उमाशंकर कौशिक पता - सिचाई कालोनी सकरी, 352. दीपक कुमार यादव पिता /पति - जीवन लाल यादव पता - कर्रा सीपत, 353. प्रियंका सूर्यवशी , पिता /पति - नारायण प्रसाद सूर्यवंशी, पता - भरारी जांजगीर जिला, 354 दिनेश कुमार यादव, पिता /पति - नर्मदा प्रसाद यादव, पता- शकुल पारा खरौद **भोपाल संस्करण**- 355. शिवन्या जाटव पिता\पति - स्व मोनू जाटवमकान न. 2597 राजीव नगरकोटरा, 356. हर्षिता तोमर पिता\पति - देवेन्द्र सिंह तोमर `नेहरू नगर भोपाल, 357. साबरा बी पिता\पति - मो. जोएब 126 इंद्रा नगर टीला जमालपुरा, 358. जाकिया आमिर पिता\पति - मो. आमिरबाग मुफ्ती साहबकबीटपुरा, 359. पवन यादव पिता\पति - मांगीलाल ग्राम नून्या हेड़ीराजगढ़, 360. मधु दांगी पिता\पति - सोमराज दांगीशर्मा कॉलोनी प्रताप वार्डबीना, 361. पूनम दांगी पिता\पति - नीरज सिंह दांगीसागौनीगुरू सागर, 362. फैजान खान पिता\पति - आतिफ खान सीहोर नाका सीहोर, **जबलपुर संस्करण**- 363. निधि अग्रवाल पिता\पति- रतन अग्रवाल लाल कुआं हनुमानतल जबलपुर, 364. भारती मिश्रा पिता\पति – स्व. राजकुमार दुबे रिछाई जबलपुर, 365. रजनी सुदीशा पिता\पति- उत्तम कुमार सुदिशा बिरसिंहपुर पाली उमरिया, 366. शरद विश्वकर्मा पिता\पति - हरलाल विश्वकर्मा छपारा सिवनी, 367. मनीष विश्वकर्मा पिता\पति - इंद्रजीत विश्वकर्मा प्रेम नगर इसाई मोहल्ला मदन महल, 368. नरेश नाईक पिता\पति - स्वर्गीय पंढरीनाथ नाईक शिवनगर गढ़ा जबलपुर, 369. राजेंद्र अहिरवार पिता\पति - नारायण प्रसाद अहिरवार मकान नंबर 113 छिंवला ग्वारीघाट जबलपुर, 370. श्रुति शुक्ला पिता\पति - सुधीर कुमार शुक्ला मकान नंबर 361 दुर्गा कॉलोनी शीतला माई वार्ड घमापुर जबलपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# जंगली सूअर के शिकार के लिए लगाए गए हाई वोल्टेज तार के जाल में फंसकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट से पिकनिक मनाकर लौटे युवक की मौत करेंट की चपेट में आने से हुई थी। जंगली सूअर का शिकार करने ले लिए लगाए गए फंदे में फंसकर युवक ने अपनी जान गंवा दी जिसके बाद शिकारियों ने उसके शव को उठाकर कुएं में फेंक दिया था। पुलिस ने इस मामले में जांच उपरान्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

- पिकनिक मनाकर लौटे युवक की मौत का मामला, कुएं में मिला था लापता युवक का शव

बता दें कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कुम्हरता निवासी 27 वर्षीय हरेन्द्र सिंह आ. बुद्धदेव 23 नवंबर को अपने साथियों व स्कूली बच्चों के साथ मैनपाट पिकनिक मनाने गया था लेकिन वह पिकनिक मनाकर वापस नहीं लौटा था। परिजन लगातार युवक की तलाश कर रहे थे। इस दौरान उसने साथियों ने मृतक के परिजन को बताया था कि शाम को मैनपाट से लौटने के बाद हरेंद्र सिंह को उन्होंने गांव में छोड़ दिया था। परिजन ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की थी जिसके बाद पुलिस गुमशुदगी का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच 25 नवम्बर की देर शाम हरेंद्र सिंह का भाई घर से 150 मीटर की दूरी पर स्थित कुएं से मवेशियों के लिए पानी लेने गया था जहां उसे कुएं में एक शव नजर आया। ऐसे में उसने ग्रामीणों और पुलिस को मामले की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को बाहर निकाला जिसके बाद मृतक की पहचान हरेन्द्र सिंह के रूप में की गई। पुलिस ने 26 नवंबर को पीएम उपरांत शव परिजन के सुपुर्द किया था। इधर पीएम रिपोर्ट में करेंट से जलने के कारण मौत की पुष्टि होने के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर गांव के बुधवार सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए अपने साथी बलराम सिंह, मदन सिंह के साथ मिलकर जंगली सूअर के शिकार हेतु खेत में जीआई तार की मदद से 11 हजार वोल्ट के खंभे से अवैध हुकिंग कर तरंगित फंदा लगाने की बात कही। इसी तरंगित तार के फंदे में फंसकर 23 नवम्बर की रात 8.30 बजे हरेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। इधर खेत में हलचल होने व तेज आवाज आने पर तीनों आरोपी जब मौके पर पहुंचे तो हरेंद्र सिंह मृत पड़ा हुआ था। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने शव को उठाकर 500 मीटर दूर कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने इस मामले कुम्हरता निवासी 65 वर्षीय बुधवार सिंह आ. जयमंगल सिंह, 50 वर्षीय मदन सिंह आ. बसंत साय, 55 वर्षीय बलराम सिंह आ. देवन सिंह को जीआई तार सहित अन्य सामान बरामद करने के साथ ही उन्हें बीएनएस की धारा 105, 238, 3(5) एवं विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी लम्बे समय से क्षेत्र में अवैध रूप से हुकिंग कर जंगली जानवरों का शिकार कर रहे थे। इस कार्रवाई में थाना दरिमा से सउनि नोहरसाय मिंज, आरक्षक मनोहर पैकरा, बंदे केरकेट्टा, टिकेश्वर सिंह, नमिश सिंह सक्रिय रहे।



## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कार्यक्रम 3 को

**मनेन्द्रगढ़।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 3 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय दिव्यांगजन सम्मान समारोह का आयोजन जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के जनपद सभाकक्ष में 3 दिसंबर को प्रातः 12 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन की सुचारू व्यवस्था के लिए दायित्व निर्धारित किए गए हैं।

### मनोज बने एजीएम हसदेव क्षेत्र



**मनेन्द्रगढ़।** कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी दक्षिण पूर्वी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के हसदेव क्षेत्र में प्रशासनिक पुर्नसंरचना के तहत एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। जारी कार्यालय आदेश के अनुसार हसदेव क्षेत्र के एरिया जनरल मैनेजर (एजीएम) उमेश शर्मा 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके स्थान पर मनोज कुमार बिश्नोई को कार्यवाहक एरिया जनरल मैनेजर हसदेव क्षेत्र के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री बिश्नोई वर्तमान में जीएम (माइनिंग)/इंचार्ज एमआरएस के पद पर कार्यरत थे तथा उन्हें जीएम (ओ) एवं एसओ (ई एन्ड एफ) का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। अब नए आदेश के तहत वे इन सभी जिम्मेदारियों के साथ हसदेव क्षेत्र का कार्यभार भी ग्रहण करेंगे। यह नियुक्ति 30 नवंबर की दोपहर से प्रभावी होगी और अगले आदेश तक जारी रहेगी।

### होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** संघ शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बैकुंठपुर नगर के तत्वाधान में रविवार को निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन शहर के वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा निवासी मणीशंकर सिंह के घर के पास आयोजित किया गया। शिविर में काफी संख्या में लोगों ने निःशुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंच कर जांच कराया एवं उन्हें निःशुल्क दवाईयां भी वितरीत की। आयोजित शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौरवकांत बड़ेरिया द्वारा जांच किया गया। शिविर में बीपी शुगर के मरीजों की भी जांच की गई। उक्त शिविर दोपहर 2 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक संचालित किया गया। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सिद्धि विनायक पाण्डेय, हरिओम साहू आदि उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार संघ शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ नगर बैकुंठपुर द्वारा शहर के कई क्षेत्रों में इसके पूर्व निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया था।

### महोरा में अशपृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर

**बैकुण्ठपुर।** जिले के विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत महोरा के प्राथमिक शाला महोरा परिसर में 28 नवंबर को आदिम जाति कल्याण विभाग ने छुआछूत और अशपृश्यता निवारण उद्देश्य से सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। भारत के महान समाज सुधारक महात्मा गांधी एवं डॉ.भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुभारंभ गया। इस कार्यक्रम में समाज के सभी जाति, वर्ग के लोग उपस्थित रहे व सभी ने एकजुट होकर छुआछूत की भावना को त्यागने के लिए एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किए, साथ ही ग्रामीणों में सद्भावना बढ़ाने कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। शिविर में आदिम जाति कल्याण विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती उषा लकड़ा ने संविधान के अनुच्छेद 17 तथा विभिन्न अशपृश्यता निषेध नियमों का उल्लेख करते हुए, इस कार्यक्रम के महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाडे ने छुआछूत से बचने की सलाह दी साथ ही लोगों में समानता का भाव बनाए रखने के लिए आव्हान की। बैकुंठपुर जनपद अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा कि सभी मनुष्यों का रक्त समान है।

## रैली में स्कूली बच्चे, नर्सिंग इंस्टीट्यूट के प्रशिक्षणार्थी एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया

# विश्व एड्स दिवसः जागरुकता रथ के साथ रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह के मार्गदर्शन में 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कोरिया कलेक्ट्रेट परिसर से जागरुकता रथ रैली निकाली गई, रैली वापस कलेक्ट्रेट परिसर में रैली का समापन कर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया गया। इस रैली में स्कूली बच्चे, राजवाड़े नर्सिंग इंस्टीट्यूट के नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने भाग लिया।

शासकीय कृषि महाविद्यालय बैकुंठपुर में एड्स दिवस पर शपथ के साथ लोगों को नारा, माईकिंग, भाषण, मानव श्रृंखला विभिन्न गतिविधियां के द्वारा जागरूक किया गया। भाग लिए प्रतिभागियों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रशांत सिंह के द्वारा पुरस्कृत कर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। जानकारी दी गई की विश्व एड्स दिवस पर रैली, नारे, भाषण आदि गतिविधियां सही मायने में तभी सफल होगा जब हम अपने आसपास के लोगों को एड्स के प्रति सजग जागरूक करेंगे, निगरानी करेंगे ऐसे क्षेत्रों का जहां एड्स संक्रमित पाए जाने की शंका हो। एड्स एक जान लेवा बीमारी है, अभी तक इसका इलाज उपलब्ध नहीं है, रोकथाम/बढ़ने को रोक सकते हैं। एआरटी सेंटर में कोई भी व्यक्ति एचआईवी की जांच एवं परामर्श ले सकता है। कोरिया जिले में तीन आईसीटीसी सेंटर है, तीनों आईसीटीसी सेंटर में लैब टेक्नीशियन, काउंसलर पदस्थ हैं। जिनके द्वारा क्षेत्र से आए व्यक्तियों की जांच एवं उपचार व्यवस्था की परामर्श दी जाती है।

यक्तियों/लोगों का नाम गोपनीय रखा जाता है। जिले में एड्स फैलने के कारणों को गंभीरता से समझाते हुए जानकारी दी गई कि यदि किसी भी व्यक्ति को कोई भी प्रजनन - तंत्रीय संक्रमण है तो ए आर टी सेंटर में जांच करा सकते हैं। एचआईवी/एड्स में एनजीओ कार्यरत हैं, एएनसी (गर्भवती) महिलाओं के लिए अहाना कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत हैं। जेल के लिए एनजीओ/वाई आरजी कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक एचआईवी/एड्स व्यक्ति को एआरटी सेंटर में लिंक करके एआरटी की दवा दी जाती है। छग राज्य में पांच एआरटी सेंटर है। मेडिकल कॉलेज रायपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर में संचालित है। विश्व एड्स दिवस पर जिले के शासकीय कृषि महाविद्यालय में संगोष्ठी, रेड रिबन कार्य, जमगहना हाई स्कूल, शासकीय पीजी कालेज बैकुंठपुर के एनएसएस के छात्र-स्कूल छात्रों के द्वारा मानव श्रृंखला व अन्य प्रतियोगी गतिविधियों आयोजित की गई। एड्स/एचआईवी पखवाड़ा अंतर्गत जिले में नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर, जेल परिसर मं, एड्स पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने का योजना बनाया गया है।



### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जनजागरूकता रैली



बैकुण्ठपुर। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर 1 दिसंबर को शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के एनसीसी ट्रूप द्वारा जागरूकता रैली निकालकर आमजन को एड्स जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए प्रेरित किया गया। ज्ञात हो कि वर्ष 1988 से प्रत्येक वर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार व उसके दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। रैली मिनी स्टेडियम से शुरू होकर घड़ी चौक, फव्वारा चौक होते हुए पुनः मिनी स्टेडियम में समाप्त हुई। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स एवं छात्रों ने एड्स का ज्ञान—बचाए जान, एड्स से सुरक्षा—जीवन अच्छा जैसे नारे लगाकर लोगों को सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। रैली का आयोजन कमान अधिकारी कर्नल सेन्थिल कुमार एस, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमित यादव (1 छग बटालियन एनसीसी, कोरबा) के मार्गदर्शन तथा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो के संरक्षण में एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल द्वारा किया गया। रैली समापन के पश्चात एनसीसी अधिकारी श्री जायसवाल ने कैडेट्स को एड्स के कारण, लक्षण, रोकथाम के उपाय और जागरूकता के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। रैली के सफल संचालन में पुलिस विभाग कोरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यातायात उपनिरीक्षक बीरबल राजवाड़े, सहायक उपनिरीक्षक धनंजय सिंह, आरक्षक राकेश मिश्रा और सैनिक राजेश खलखो ने यातायात व सुरक्षा व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व्हीजे मित्रा, वाईके मिश्रा, श्रीमती ममता पांडेय, श्रीमती नाजिमा खातून, प्रभात मिश्रा, उदय लकड़ा, श्रीमती मधु त्रिपाठी, श्रीमती किरण शुक्ला, श्रीमती कल्पना जायसवाल, श्रीमती सरिता खलखो, रेशम लाल बंजारे, दीपक साहू, मेघराज मुखर्जी, मोह. ताहिर, रामचरण भोर्तिया, अल्फिया रोशन सिद्दीकी, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, दिनेश कश्यप एवं अमृतलाल राजवाड़े सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### विश्व एड्स दिवस पर जनजागरूकता रैली




बैकुण्ठपुर। न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय से खरवत चौक तक जनजागरूकता रैली निकाली गई। इस वर्ष का थीम ओवर कमिंग डिस्परशन ट्रांसफ्रॉर्मिंग द एड्स रिस्पॉन्स अर्थात बाधाओं को पार करते हुए एड्स प्रतिक्रया में परिवर्तन विश्व एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य एचआईवी संक्रमण की वजह से होने वाली महामारी एवं एड्स के बारे में हर उम्र के लोगों की बीच जागरूकता बढ़ाना है। एड्स आज के आधुनिक समय की सबसे बड़ी स्वस्थ्य समस्याओं में से एक है। एचआईवी एड्स एक प्रकार के जान लेवा इंफेक्शन से होने वाली गंभीर बीमारी है, इसे मेडिकल भाषा में ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस के नाम से जाना जाता है। दुनिया भर में एचआईवी संक्रमण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इसी तारतम्य में छात्र-छात्राओं द्वारा जिला मुख्यालय से रैली का आयोजन किया गया था।

### नवीन गर्ल्स कॉलेज में जागरूकता रैली



विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं रेडक्रॉस यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित इस रैली को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय की काफी छात्राएं हाथों में स्वलिखित एड्स जागरूकता स्लोगन लिए एड्स से बचाव जीवन बचाव, जागरूक बनें, सुरक्षित रहें जैसे नारों के साथ महाविद्यालय परिसर से मुख्य मार्ग होते हुए ओड़गी ग्राम तक पैदल रैली निकाल कर आमजन को एचआईवी/एड्स के कारण, लक्षण और रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक करती रहीं। रैली ओड़गी गांव तक पहुंचकर पुनः महाविद्यालय परिसर लौटी। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालयीन स्टाफ भारत सिंह, श्रीमती कनकलता पैकरा, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, बिक्की राम, सुमित कुमार मिश्रा, मोहम्मद अमजद, विनय गुप्ता, विजय कुमार, सुश्री रिचा चेलकर, सुश्री दीप्ती केरकेट्टा, सुश्री मेघा डाहिरे, चंदन सिंह पटेल, डॉ. रिचा श्रीवास्तव, हरिओम आदि शामिल रहे।

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम




बैकुण्ठपुर। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जन शिक्षण संस्थान कोरिया के प्रशिक्षण केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को एचआईवी/एड्स के बारे में सही जानकारी देना, भ्रांतियों को दूर करना तथा संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता व सहयोग की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक विजय उपाध्याय, संजीव विश्वकर्मा एवं कृष्ण भूषण उपाध्याय उपस्थित रहे। निदेशक श्री उपाध्याय ने बताया कि प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को एचआईवी/एड्स के संक्रमण, बचाव और सही जानकारी के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्होंने कहा कि एड्स के खिलाफ लड़ाई में समाज की सामूहिक जागरूकता और सहयोग बेहद जरूरी है। संस्थान के संजीव विश्वकर्मा ने उपस्थित हितग्राहियों को बताते हुए कहा कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है, जिसका समय पर उपचार न होने पर रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो जाती है और उसे अतिरिक्त बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए शुरूआती पहचान और समय पर उपचार अत्यंत आवश्यक है। वक्ता कृष्ण भूषण उपाध्याय ने कहा कि सही दिशा में प्रयास करके समाज से इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके लिए सभी लोगों का एकजुट होकर जागरूकता फैलाना आवश्यक है।

# ओड़गी नाका तिराहे के भीतर लगे विद्युत खंभों को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था खबर



सौंदर्यीकरण की दिशा में शहर के ओड़गी नाका तिराहे पर कार्य किया गया, जहां तिराहे में राष्ट्रीय पक्षी मोर बनाया गया, लेकिन तिराहे के भीतर लगे एक विद्युत खंभा एवं छोटा टावर को अंततः उक्त स्थल से हटा दिया गया।

इस संबंध में हरिभूमि ने खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था। पूर्व में प्रकाशित खबर के बाद पुलिस ने जनजागरूकता बोर्ड को खबर प्रकाशन के साथ ही हटा दिया था, लेकिन तिराहे के भीतर विद्युत खंभा एवं छोटा टावर नहीं हटाया गया था, इसे लेकर हरिभूमि ने सोमवार के अंक में खबर प्रकाशन किया, इसके बाद तिराहे के भीतर लगे विद्युत खंभा एवं छोटे टावर को भी हटा दिया गया। इस तरह हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए ओड़गी तिराहे पर लगे पुलिस की जनजागरूकता बोर्ड, विद्युत खंभा एवं छोटे टावर को भी वहां से हटाया गया।

अब उक्त तिराहे में लगे राष्ट्रीय पक्षी मोर सभी दिशाओ से स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जो तिराहे की सुंदरता को भी बढ़ा दिया है। यहां बनाए गए मोर की प्रतिमा का रंग -रोगन हो जाने के बाद तिराहे की सुंदरता अलग ही नगर आएगा।

# बीएलओ घर-घर सर्वे में जुटे



**मनेन्द्रगढ़।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और पूर्णतरू त्रुटि-रहित बनाने का कार्य तेजी के साथ जारी है। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार बूथ स्तर अधिकारियों को घर-घर जाकर मतदाताओं की वास्तविक स्थिति का सत्यापन करना है। मनेन्द्रगढ़ कऔर चिरमिरी तहसील के बीएलओ ने आज क्षेत्र का विस्तृत भ्रमण कर कृष्णा मुरारी तिवारी सहित कई नागरिकों से गणना पत्रक प्राप्त किए और संबंधित जानकारियों का मिलान भी किया। बीएलओ मतदाताओं को यह भी समझा रहे हैं कि सही जानकारी देना क्यों आवश्यक है और एक भी त्रुटि मतदाता सूची की विश्वसनीयता को कैसे प्रभावित कर सकती है। घर-घर सर्वे के दौरान मतदाताओं के नाम, पते, उम्र तथा अन्य आवश्यक तथ्यों का सत्यापन किया जा रहा है, साथ ही नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृत व्यक्तियों के नाम हटाने, दोहराई गई प्रविष्टियों के सुधार तथा फॉर्म-6, फॉर्म-7 और फॉर्म-8 की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है।

### योग शिविर में सभी ने प्रतिदिन योग करने का लिया संकल्प

**सलका अघिना।** सलका अघिना में आयोजित 27 नवंबर से तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ के साथ स्थल पर पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी एवं योग प्रशिक्षक राम प्रताप राजवाड़े द्वारा प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक लोगों को इंटीग्रेटेड योगाभ्यास कराया गया। योग शिविर में विभिन्न आसनों के साथ प्राणायाम और मुद्रा, एक्यूप्रेशर के साथ प्राणायाम, ध्यान का महत्व बताते हुए सभी को योगाभ्यास कराया। राजवाड़े ने बताया कि यज्ञ के साथ यदि नियमित इंटीग्रेटेड योगाभ्यास किया जाए तो पूर्ण स्वस्थ निरोगी जीवन, नशा मुक्ति सुखी जीवन जी सकते हैं। सभी ने तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर की सराहना की और प्रतिदिन योग करने का लिया संकल्प। योग शिविर में समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार गुप्ता, बृजेंद्र भारती, सुदामा गुप्ता, शिव हरि गुप्ता, अतुल गुप्ता, विकास गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, दलगर राजवाड़े, योग शिक्षक शंभु नारायण देवांगन, कौशल साहू सहयोग शिक्षक प्रदीप पैकरा, कमल जायसवाल आदि शामिल रहे।

# सड़क हादसे में दो की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ बरबसपुर के पास खतरनाक मोड़ पर हुआ दर्दनाक हादसा

एमसीबी जिले के एनएच-43 पर हलफली पुल के पास स्थित खतरनाक मोड़ पर बीती रात्रि 9.30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। घटना में दो पल्सर बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। सूचना पर नागपुर हाईवे पुलिस सहायता केन्द्र प्रभारी मौके पर पहुंचे और अपनी कार्रवाई पूर्ण की।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान वीरेन्द्र कुमार उर्फ वीरू पिता शंकर अगरिया उम्र 19 वर्ष निवासी झगराखाड़ तथा राहुल सिंह पिता विक्रम सिंह उम्र 18 वर्ष निवासी लालपुर के रूप में हुई है। दोनों युवक नागपुर-बरबसपुर क्षेत्र में पुट्टी और पुताई का काम करते थे तथा रात में पल्सर बाइक से बरबसपुर की ओर से नागपुर की तरफ जा रहे थे। हलफली पुल के पास मोड़ पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही नागपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे में पल्सर बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार इस मोड़ पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिससे यह स्थान ब्लैक स्पॉट में बदल गया है।

# 11:35 बजे तक स्कूल का गेट बंद






स्कूल के बाहर बैठे शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की लगातार कोशिशों और प्रशासन के कड़े निर्देशों के बावजूद शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरचा में शुक्रवार को प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई।

विद्यालय का निर्धारित समय सुबह 10:30 बजे है, किंतु 11:35 बजे तक स्कूल का मुख्य गेट बंद रहा, इसके कारण छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी परिसर के बाहर बैठे इंतजार करते रहे थे। शिक्षक और छात्र विद्यालय के बाहर खड़े व बैठे रहे, कई बच्चे बैग जमीन पर रखकर गेट के बाहर इंतजार कर रहे थे कि गेट कब खुलेगा। सूत्रों के अनुसार विद्यालय के मुख्य द्वार की चाबी गुम हो जाने के चलते गेट नहीं खुल सका। आश्चर्यजनक यह कि गेट की चाबी किसके पास थी। बैकअप चाबी क्यों उपलब्ध नहीं रखी गई। प्राचार्य समय पर विद्यालय क्यों नहीं पहुंचे। इन सवालों के जवाब किसी के पास नहीं हैं। विद्यालय के प्राचार्य सुबह से ही नदारद रहे, जिससे पूरा प्रबंधन अव्यवस्थित दिखाई दिया। कुछ लोगों का कहना है कि किसी भी विषय में पूछो तो प्राचार्य रुठली बात करते हैं और अपने पद का गलत इस्तेमाल करते नजर आते हैं।

## जमगहना में लगा पीजी कॉलेज का रासेयो विशेष शिविर

# श्रमदान कर गांव में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर की एनएसएस महिला एवं पुरूष इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम जमगहना में प्रारंभ हुआ।

शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर के संरक्षण तथा कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जयश्री प्रजापति एवं अनुरंजन कुजूर के संयोजन में नशामुक्त भारत के लिए युवा थीम पर किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अध्यक्ष उदय सिंह तथा ग्राम पंचायत जमगहना की सरपंच श्रीमती दीपा सिंह द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने की। स्वागत गीत के बाद कार्यक्रम अधिकारी अनुरंजन कुजूर ने शिविर की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि पूरे सप्ताह नशामुक्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, बाल विवाह, साइबर क्राइम, डिजिटल फ्रॉड, एसआईआर तथा अन्य सामाजिक विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रमदान के माध्यम से विद्यालय परिसर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी, खेल मैदान, बाजार क्षेत्र, कुओं एवं हैंडपंपों के आसपास सफाई व सोख्ता निर्माण किया जाएगा। सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध जनजागरूकता रैली, गीत, नुक्कड़ नाटक, नृत्य तथा छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति के संरक्षण के लिए लोकगीत-लोकनृत्य की प्रस्तुतियाँ आयोजित होंगी। सरपंच दीपा सिंह ने ग्राम जमगहना के चयन पर आभार व्यक्त करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। विशिष्ट अतिथि उदय सिंह ने स्वयंसेवकों को अनुशासन, सेवा भाव और सीखने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना राजवाड़े ने कहा कि शिविर ग्रामीण जीवन से बहुत कुछ सीखने का अवसर देता है, जिसे व्यवहार में लाकर युवा स्वावलंबी बनते हैं। प्राचार्य डॉ. हिमधर ने शिविर को रासेयो का प्रयोगशाला बताते हुए सभी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। शिविर संचालन के लिए स्वयंसेवकों को छग की प्रमुख नदियों के नाम पर छह दलों महानदी, इंद्रावती, हसदेव, शिवनाथ, अरपा व पैरी में विभाजित किया गया।

# अवैध धान खरीदी : 144 बोरी जब्त



■ चिरगुड़ा और टेलगा में हुई कार्रवाई

**बैकुण्ठपुर।** जिले में अवैध धान खरीदी पर निगरानी तेज करते हुए प्रशासन ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर कुल 144 बोरी धान जब्त किया है।

दोनों मामलों में खरीदी बिना लाइसेंस के किए जाने की पुष्टि हुई है। चिरगुड़ा में मीनाक्षी ट्रेडर्स से 38 बोरी धान जब्त, ग्राम चिरगुड़ा, पटना क्षेत्र में मीनाक्षी ट्रेडर्स द्वारा 38 बोरी धान अवैध रूप से खरीदा गया था। टीम ने मौके पर पहुंचकर धान को जब्त किया। अनुमानित वजन 19 क्विंटल, टेलगा पंचायत में किराना दुकान से 106बोरी धान की जब्ती। उसी दिन ग्राम पंचायत टेलगा (बचरा-पोड़ी) के अंतर्गत एक किराना दुकान में बिना लाइसेंस के धान खरीदते 106 बोरी धान पकड़ा गया। दुकान के एक युवक ने पूछताछ में बताया कि यह धान दीपक राइस मिल को भेजा जाना था। धान उपार्जन व्यवस्था को पारदर्शी और सुरक्षित रखने प्रशासन द्वारा सतत कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी मंत्री राजवाड़े



**सूरजपुर।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 3 दिसम्बर को रंगमंच में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग के सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना है। कलेक्टर एस.जयवर्धन द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले को नोडल अधिकारी एवं श्रीमती बेनदिक्ता तिर्की, तथा विक्रम बहादुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन कर दिया गया है और सभी को कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुरूप तैयारीयां सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े होंगी, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य व जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में छग राज्य वन विकास निगम अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, सांसद चिन्तामणि महाराज, विधायक भूलन सिंह मराबी, विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रमणी पैकरा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षद, जनप्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

### सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का हुआ शुभारंभ




**करवां।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का शुभारंभ किया गया। संत हरिश्याम संस्कृत विद्यापीठ लटोरी में 1 से 7 दिसंबर के बीच किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ मां काली सेवा आश्रम लटोरी के सुखदेव मुनि के मुख्य आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि ने गीता के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि गीता सबसे पवित्र ग्रंथ है, इसका हर श्लोक महामंत्र है। यह हमारे जीवन जीने की शैली को सिखाता है। डॉ. एसके श्रीवास्तव ने कहा कि गीता हमें कर्मयोगी बनाने के साथ ही हर समय अच्छे कार्य को करने के लिए प्रेरित करता है। विपरीत समय में जीवन जीने की कला को सिखाता है। दिवाकर वैष्णव ने कहा कि हर छात्र को गीता पर प्रतिदिन तुलसी के पत्ती से पूजा करना चाहिए, इससे स्मरण शक्ति में वृद्धि होता है। कार्यक्रम में प्रत्येक छात्र को गीता की पुस्तक भेंट किया गया। विद्यालय के प्राचार्य रहमदिल अंसारी ने कहा कि गीता सभी धर्मो का सर्व मान्य ग्रन्थ है, इसका पूजन प्रतिदिन करना चाहिए। प्राचार्य उमाशंकर यादव ने कहा कि इस भाग दौड़ की दुनिया में गीता हमें अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान शिल्पी श्रीवास्तव, सीमा राजवाड़े, तारामानी राजवाड़े, अल्फा मरावी के अलावा सभी छात्रों ने हिस्सा लिया।

### वनस्पति विज्ञान के विद्यार्थियों ने किया नेतरहाट का शैक्षणिक भ्रमण



**रामानुजगंज।** शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं ने 30 नवंबर को विभागाध्यक्ष एसबी यादव के नेतृत्व में नेतरहाट का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने लोअर-अपर घाघरी जलप्रपात, नाशपाती उपवन, कोयल व्यू प्वाइंट, सूर्योदय स्थल, नेतरहाट झील, वन विश्राम गृह, अरूणोदय अतिथि गृह, टीआईसी, कैफेटेरिया और डाक बंगला परिसर का अवलोकन किया और पर्वतीय वन परिस्थितिकी तथा विभिन्न पौध प्रजातियों का अध्ययन किया।

## पेज 1 के शेष...

### कक्षा 2री के बच्चे से मारपीट...

पुलिस ने बीएनएस की धारा 296,115 (2) एवं किशोर न्याय, (बालको की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 75, 82 दर्ज के तहत ग्राम पलगी निवासी 56 वर्षीय प्रधान पाठक उदय कुमार यादव आ. स्व. रामजी यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि मामला सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पूर्व में ही आरोपी प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया था।

## निधन

### देवंती देवी

**बिश्रामपुर।** ग्राम कुंजनगर निवासी देवंती देवी पति सेवानिवृत्त कोलकर्मी स्व.बनारसी राम का गत दिनों हृदयागति रुकने से निधन हो गया,वे 70 वर्ष की थीं,उनका अंतिम संस्कार बनारस के हरिश्चंद घाट पर रीति रीवाज के साथ किया गया,उन्हें मुखाग्नि नगर सेना में पदस्थ पुत्र विनय कश्यप ने दी,वे अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्री समेत भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गई हैं।

## छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंच रहे लोग

# पर्यटकों से गुलजार छत्तीसगढ़ का शिमला मैनपाट



मैनपाट में पर्यटकों की भीड़।



पर्यटकों के लिए सजे टेंट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ठंड बढ़ने के साथ ही पर्यटकों से छत्तीसगढ़ का शिमला मैनपाट गुलजार हो गया है। मैनपाट की प्राकृतिक सुंदरता एवं हाड़कंपा देने वाली ठंड का लुत्फ उठाने छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के पर्यटक रोज पहुंच रहे हैं।

**खास बात**
- लुभा रही टाऊ की खेती, स्थानीय लोगों को मिल रहा रोजगार

इस बार मध्य नवम्बर से ही सरगुजा में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड शुरू होने के साथ ही मैनपाट में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ गई है तथा छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पर्यटक रोज पहुंच रहे हैं। छत्तीसगढ़ के जिन क्षेत्रों में कम ठंड पड़ती है उन क्षेत्रों से अधिक पर्यटक सपरिवार पहुंचकर मैनपाट की ठंड का लुत्फ उठा रहे हैं। पर्यटन के नक्शे में पहचान बनाने के बाद मैनपाट में अब सालोभर पर्यअकों की मौजूदगी रहती है लेकिन ठंड बढ़ने पर यहां का नजारा ही बदल जाता है तथा पर्यटन स्थलों एवं सड़कों पर चारों तरफ पर्यटकों की भीड़ दिखाई देती है। पर्यटकों को मैनपाट में टाऊ की फसल खासतौर पर आकर्षित कर रही है। पर्यटक टाऊ की फसल देखने खेतों में पहुंच रहे हैं तथा किसानों से इसकी खेती के तरीके विपणन एवं उपयोग की जानकारी लेने के साथ ही दुकानों से इसकी खरीदी भी कर रहे हैं। पर्यटकों को पर्यटन स्थल उल्टा पानी, जलजली एवं जलपरी झरना जमकर भा रहा है। युवाओं ने इन पर्यटन स्थलों पर मनोरंजन, घुड़सवारी एवं साहसिक खेलों का आयोजन किया है। पर्यटक इन स्थलों पर साहसिक खेलों एवं घुड़सवारी का आनंद ले रहे हैं। अब मैनपाट में वैवाहिक समारोह आयोजित करने के प्रति लोगों की रूचि बढ़ी है। बड़ी संख्या में लोग पर्यटन विभाग मोटल एवं निजी होटलों में वैवाहिक समारोह आयोजित कर रहे हैं।

### होटल-मोटल फुल

पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होने के साथ ही मैनपाट में होटल व्यवसाय की संभावनाएं बढ़ी है। मैनपाट में आसपास के लोगों ने बड़े-बड़े होटल बनवाए हैं। वर्तमान में यहां एक दर्जन से अधिक होटल संचालित है जबकि पर्यटन विभाग के दोनो रिसॉर्ट पिछले एक पखवाड़े से फुल चल रहे हैं। होटल-रिसोर्ट फुल होने के कारण पर्यटक आसपास के ग्रामीणों के घर में पेइंग गेस्ट बनकर कर रहे हैं। पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने के बाद गांवों में होम स्टे की सुविधा नए व्यवसाय के रूप में तेजी से विकसित हो रहा है। ग्रामीण अपने घरों में ही पर्यटकों के लिए अलग-अलग कमरे बनाए है। पर्यटक ग्रामीण वातावरण में ठहरना अधिक पसंद कर रहे हैं। कई ग्रामीणों ने पर्यटकों के लिए झोपड़ी एवं मिट्टी की दीवार वाले कमरे बनाए हैं जो पर्यटकों को पसंद आ रहा है।

### जगह-जगह लगे टेंट

पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए युवा उद्यमियों ने पर्यटन स्थलों के पास खुले मैदान में टेंट लगाए हैं। उद्यमियों द्वारा इन स्थलों पर बिजली, पानी के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। इन कैंपों में निवासरत पर्यटकों के मनोरंजन के लिए प्रतिदिन स्थानीय कलाकारों द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही है। महिला स्व सहायता समूहों द्वारा उल्टा पानी में पर्यटकों को स्थानीय व्यंजन परोसा जा रहा है। युवा उद्यमियों ने पर्यटकों के लिए पर्यटन स्थल मेहता प्वाइंट, ग्राम झुनिया एवं कैंप नं.1 में खुले मैदान में टेंट की कॉलोनी सजाई गई है जहां देर रात तक उत्सव का माहौल रहता है।

### लगातार पहुंच रहे पर्यटक

ठंड बढ़ने के बाद पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई हैं तथा हर दिन 500 से अधिक पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटन विभाग के दोनो रिसोर्ट पिछले एक पखवाड़े से फुल चल रहे हैं। पर्यटकों की आवाजाही से स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिल रहा है।

-भानु राजवाड़े
सहायक प्रबंधक, पर्यटन

## कंडराजा के बाद अब सपनादर में शुरू हुआ बॉक्साइट खदानों का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट के कंडराजा में बॉक्साइट खनन को लेकर हुई जनसुनवाई में भारी विरोध के बाद अब सपनादर में होने वाली जनसुनवाई को लेकर विरोध शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों ने इस पर्यावरणीय जन सुनवाई को लेकर विरोध जताते हुए एसडीएम, तसीलदार, थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा है।

- कैबिनेट मंत्री ने कहा- ग्राम सभा के प्रस्ताव के बाद ही होगा उत्खनन

बता दें कि मैनपाट के कंडराजा और सपनादर में बॉक्साइट उत्खनन के लिए मेसर्स कुदरगढ़ी स्टील्स प्रा. लि. कंपनी को भूमि लीज पर दी गई है। कंडराजा में 30 नवंबर को बॉक्साइट खदान खोलने के लिए पर्यावरणीय जनसुनवाई हुई। कंडराजा में 135.223 हेक्टेयर क्षेत्र में बॉक्साइट खनन प्रस्तावित है। रविवार को हुई जनसुनवाई के दौरान भारी विरोध दर्ज कराया गया और महज 112 लोग ही इसमें शामिल हुए। हालांकि इस दौरान खदान खुलने का विरोध करने वालों को प्रशासन ने अवांछित तत्व बताया है। कंडराजा के बाद अब क्षेत्र के सपनादर में भी खदान के लिए जन सुनवाई 2 दिसम्बर को आयोजित की गई है। इसे लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गांव की जमीन देने के लिए कोई ग्राम सभा तक आयोजित नहीं की गई है। गांव कि 171.136 हेक्टेयर भूमि खनन के लिए कंपनी को दी गई लेकिन सोमवार को दोपहर 3 बजे तक जनसुनवाई के लिए कोई अधिसूचना तक जारी नहीं की गई। किस-किस खसरा नम्बर की जमीन दी जा रही है इसकी जानकारी नहीं है। सपनादर को छोड़कर कमलेश्वरपुर में सुनवाई हो रही है ताकि ज्यादातर ग्रामीण इस जनसुनवाई में शामिल ही ना हो सके।

### नुकसान नहीं करेंगे बर्दाश्त : राजेश

मैनपाट में बॉक्साइट खदान को लेकर चल रहे विरोध के बीच प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल का बयान भी आया है। मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा है कि कहीं कहीं विकास के लिए कुछ काम जरूरी होते है लेकिन अगर लोगों का विरोध है तो उनकी भी राय ली जाएगी। पर्यटन के क्षेत्र में हम किसी भी प्रकार का नुकसान बर्दाश्त नहीं करेंगे। बॉक्साइट बहुमूल्य धातु है और विकास के लिए निकालना भी आवश्यक है, इसके लिए ग्रामीणों की मांगों को लेकर सहमती बनाते हुए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैनपाट में पिछले 30-35 सालों से बॉक्साइट उत्खनन हो रहा है मुझे नहीं लगता उत्खनन से पर्यटन या पर्यावरण को नुकसान होगा फिर भी ग्राम सभा से प्रस्ताव पास होने के बाद खुदाई का काम होगा।

## रामचंद्रपुर धान खरीदी केंद्र बदलने पर किसानों ने किया चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



धान खरीदी केंद्र रामचंद्रपुर में जगह कम होने और भारी वाहनों के आवागमन में समस्या होने के कारण कालिकापुर कुरशा नाला के पार नए स्थान पर शिफ्ट किया गया है। अधिकारी नवीन स्थल को सुविधाजनक और धान खरीदी के लिए बेहतर बता रहे हैं लेकिन समिति की जगह बदलने से किसानों में भारी नाराजगी है।

- कतहसीलदार ने समझाइश देकर समाप्त कराया जाम

किसानों का कहना है कि नया केंद्र पुराने स्थान से लगभग 3 किलोमीटर दूर और जंगल के इलाके में है तथा हााथियों के विचरण क्षेत्र है। इससे धान बेचकर लौटते समय किसानों को भय का सामना करना पड़ेगा। पुराने खरीदी केंद्र में पर्याप्त सुविधाएं है तथा किसानों की पहुंच के लिए सामान है। प्रशासनिक निर्णय को किसान हितों के विरूद्ध बताया जा रहा है। समिति स्थल में बदलाव करने से नाराज किसानों ने रामचंद्रपुर-रामानुजगंज-सनावल मार्ग पर विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे और समझाइश देकर चक्का जाम समाप्त करवाया। किसान अभी भी अपनी मांग पर अड़े है तथा पुराने स्थल पर धान खरीदी शुरू नहीं करने पर पुनः चक्का जाम करने की चेतावनी दी है। किसानों का कहना है कि धान खरीदी के लिए कई टोकन कट चुके हैं, जिनमें कुछ निरस्त भी हुए हैं और नए टोकन धारक किसान धान बेचने में असमर्थ है। नए स्थान पर खरीदी प्रक्रिया सुचारू नहीं हो रही है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## जगतपुर में जमीन विवाद पर दो गुटों में संघर्ष

### डॉक्टरी मुलाहिजा में देरी होने से कानूनी कार्रवाई अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लटोरी चौकी क्षेत्र के ग्राम जगतपुर में रविवार को जमीन संबंधी पुरानी रंजिश अचानक हिंसा में तब्दील हो गई। दो पक्षों के बीच हुई मारपीट से पूरे गांव में तनाव का माहौल हो गया,घटना के बाद घायल ग्रामीण जब उपचार और एमएलसी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लटोरी पहुंचे,तब वहां एक और चौंकाने वाला मामला उजागर हूआ,ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर राजेश साव अस्पताल से नदारद थे।

सीएचसी लटोरी में पहुंचे पीड़ितों को बिना इलाज और बिना मेडिकल परीक्षण के मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। डॉक्टर की गैरहाजिरी से पूरी कानूनी प्रक्रिया अटक गई,गौरतलब है कि लटोरी चौकी अंतर्गत ग्राम जगतपुर में रविवार को जमीन संबंधी विवाद पर प्रार्थी प्रवेश कुशवाहा पिता रामप्रसाद कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका भाई सुरेश कुशवाहा व नरेश कुशवाहा के अलावा भतीजा रूपेश कुशवाहा द्वारा जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की गई है और नरेश कुशवाहा द्वारा प्रार्थी को दांत से भी काट लिया गया है, वहीं दूसरी तरफ प्रार्थी नरेश कुशवाहा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भाई प्रवेश कुशवाहा के अलावा प्रमोद, विनोद,उत्तम देवी द्वारा जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया गया है,दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने जब घायलों को लटोरी सीएचसी में एमएलसी हेतु भेजा तो वहां पर ड्यूटीरत चिकित्सक राजेश साव कार्यस्थल से नदारद थे,जिससे पीड़ित पक्षों का मेडिकल मुलायजा नहीं हो सका,सोमवार को जब पुनः पीड़ित पक्षों को लेकर लटोरी पुलिस सीएचसी पहुंची,तब दूसरे चिकित्सकों ने एमएलसी करने से मना कर दिया,उनका कहना था कि जो चिकित्सक ड्यूटी पर थे वही एमएलसी करेंगे,पीड़ितों और ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही की शिकायत सीधे प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचाई,सोमवार की सुबह होते होते पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया,जिसके बाद सीएमएचओ डॉ कपिलदेव पैकरा,एसडीएम शिवानी जायसवाल,बीएमओ डॉ अमित भगत ने मामले में संज्ञान लिया,अधिकारियों के निर्देश मिलते ही अस्पताल स्टाफ हरकत में आया,और अंततः दोनों पक्षों का एमएलसी कराया गया,इसके बाद लटोरी पुलिस ने दोनों तरफ से दर्ज शिकायतों के आधार पर काउंटर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है,इस पूरे प्रकरण ने सुरजपुर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है,ग्रामीणों का कहना है कि डॉक्टरों का ड्यूटी से नदारत रहना अब आम बात हो चुकी है,स्थानीय लोगों का आरोप है कि रविवार को अधिकांश डॉक्टर ड्यूटी से गायब रहते हैं,दवा,डॉक्टर,परीक्षण कुछ भी समय पर नहीं मिल पाता है।क्षेत्रवासियों ने डॉ राजेश साव की ड्यूटी में अनुपस्थिति को गंभीर लापरवाही बताते हुए विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### ड्यूटी में अनुपस्थित मिले चिकित्सक को नोटिस जारी

ड्यूटी से नदारद रहने वाले चिकित्सक राजेश साव को बीएमओ डॉ अमित भगत द्वारा विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर जवाब मांगा गया है,जिसके जवाब मिलने उपरांत अग्रिम कार्यवाही करने की बात विभागीय अधिकारियों द्वारा कही जा रही है।

## पेड़ से टकराई श्रद्धालुओं की बोलेरो, एक की मौत, चार गंभीर



**अम्बिकापुर।** कुदरगढ़ स्थित माता वागेश्वरी देवी का दर्शन कर वापस घर लौट रहे श्रद्धालुओं की बोलेरों रविवार को अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी बोलेरों के आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया तथा वाहन में आगे बैठे एक श्रद्धालु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

- कुदरगढ़ देवी का दर्शन करने सिंगरौली से आए थे 8 श्रद्धालु

रविवार को सुबह सीमावर्ती सिंगरौली जिलान्तर्गत ग्राम कुम्हिया के एक ही परिवार के 8 सदस्य बोलेरो क्रमांक एमपी 61 ए 6119 से कुदरगढ़ पहाड़ी पर स्थित माता वागेश्वरी देवी का दर्शन-पूजन करने पहुंचे थे। देवी का दर्शन-पूजन करने के बाद श्रद्धालु देर शाम ओड़गी-बिहारपुर के रास्ते वापस ग्राम कुम्हिया लौट रहे थे। देर होने के कारण चालक तेज गति से वाहन चला रहा था। बोलेरो जैसे ही ओड़गी से आगे पहुंची बांक स्थित खतरनाक मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे महुआ पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए तथा सवार चीखने-चिल्लाने लगे। शोर सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इस दौरान गंभीर चोट लगने के कारण बोलेरो में आगे बैठे सतीश ठाकुर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी तथा शव वाहन में फंस गया था। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला एवं घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने सतीश ठाकुर को मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर रूप से घायल चार सवारों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना में सभी वाहन सवारों को चोटें आई हैं लेकिन तीन को सिर एवं छाती में गंभीर चोटें आने के कारण स्थिति खतरनाक बताई जा रही है। दुर्घटना की सूचना पर मृतक व घायलों के परिवार में कोहराम मच गया है तथा सूचना मिलते ही परिजन सूरजपुर जिला चिकित्सालय पहुंच गए है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## कलश यात्रा के साथ 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर



शांति कुंज हरिद्वार की टोली एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में मां भगवती शर्मा जन्म शताब्दी पर राष्ट्र जागरण शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ 1 दिसम्बर से हाई स्कूल साक्षरता मिनी स्टेडियम में आरंभ हुई। पंडित श्रीराम शर्मा, भगवती देवी शर्मा के दिव्य एवं सूक्ष्म संरक्षण में ईश्वरीय योजना हमारी ऋषि प्रणीत भारतीय संस्कृति के उत्थान हेतु 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के शुभारंभ के पहले दिन सोमवार को प्राचीन राम मंदिर ठाकुर बाडी से गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगर भ्रमण पश्चात कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुंची जहां कलश स्थापना किया गया। 2 दिसंबर की प्रातः 7 बजे देव पूजन 12 बजे भोजन महा प्रसाद एवं दोपहर 2 बजे कार्यकर्ता गोष्ठी 4.30 बजे से प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन होगा। 3 दिसम्बर की प्रातः 8 बजे गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कार शाम 5 बजे माता भगवती की जन्मशती प्रज्ञा पुराण कथा एवं दीप महायज्ञ आयोजित होगी। 4 दिसंबर की प्रातः 8 बजे गायत्री महायज्ञ एवं गुरू दीक्षा विवाह संस्कार, नामांकरण मुंडन विद्या आरंभ यज्ञोपवीत आदि विविध संस्कार का आयोजन होने उपरांत पूर्णाहुति एवं टोली विदाई के साथ महायज्ञ सम्पन्न होगी।

ॐ जय माँ कंकाली ॐ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि: स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411